# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 15/2024

**माह जनवरी, 2024 में 09वीं कक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, अध्ययनरत् विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग के अधिसूचना संख्या 09/विविध–62/2023–889, पटना, दिनांक 05.12.2023 द्वारा राज्य के माध्यमिक/उच्च विद्यालयों के 09वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक/त्रैमासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। यह मासिक/त्रैमासिक परीक्षा विद्यालय के स्तर पर संचालित होगी।

2. कक्षा 09वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए माह जनवरी, 2024 की मासिक परीक्षा **दिनांक 22.01.2024 से 24.01.2024 तक** आयोजित होगी। परीक्षा का कार्यक्रम कंडिका–7 में अंकित है।

3. राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए। इस उद्देश्य से माह जनवरी, 2024 की मासिक परीक्षा में सभी विद्यार्थियों का शामिल होना अनिवार्य है।

4. इस मासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा **दिनांक 15.01.2024 से 18.01.2024 तक** की अवधि में गोपनीय प्रश्न–पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्राप्त कराया जाना संभावित् है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न–पत्र जिला शिक्षा पदधिकारी कार्यालय के द्वारा प्राप्त कर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा प्रश्न–पत्र को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा लिया जाए।

5. जिला शिक्षा पदाधिकारी आपूरित गोपनीय सामग्री को **दिनांक 18.01.2024 तक** अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराना सुनिश्चित कराएँगें। साथ ही विद्यालय के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निदेश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही विद्यालय के प्रधान की होगी।

6. विद्यालय के प्रधान का यह दायित्व होगा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से **दिनांक 18.01.2024 तक** अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न–पत्र प्राप्त करेंगे तथा मासिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7. <u>माह जनवरी, 2024 के 09वीं कक्षा की मासिक परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत है:–</u>

**Programme**
**Secondary Monthly Examination (Theory), 2024**
**Month-January (For Class IX)**

| परीक्षा की तिथि/दिन | प्रथम पाली (First Shift) | द्वितीय पाली (Second Shift) |
|---|---|---|
| 22.01.2024 (सोमवार) | मातृभाषा (101-हिन्दी, 102-बंगला, 103-उर्दू एवं 104-मैथिली) (पूर्वाहन 09:30 बजे से पूर्वाहन 11:00 बजे तक) | द्वितीय भारतीय भाषा (105-संस्कृत, 106-हिन्दी 107-अरबी, 108-फारसी, एवं 109-भोजपुरी) (पूर्वाहन 11:30 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक) |
| 23.01.2024 (मंगलवार) | 112–विज्ञान (पूर्वाहन 09:30 बजे से पूर्वाहन 11:00 बजे तक)<br>125–संगीत (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) (पूर्वाहन 09:30 बजे से पूर्वाहन 11:00 बजे तक) | 111–सामाजिक विज्ञान (पूर्वाहन 11:30 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक) |
| 24.01.2024 (बुधवार) | 110-गणित (पूर्वाहन 09:30 बजे से पूर्वाहन 11:00 बजे तक)<br>126–गृह विज्ञान (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) (पूर्वाहन 09:30 बजे से पूर्वाहन 11:00 बजे तक) | 113-अंग्रेजी (सामान्य) (पूर्वाहन 11:30 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक) |

8. शैक्षणिक सत्र 2023–24 में कक्षा 09वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार माह जनवरी, 2024 के मासिक परीक्षा में निश्चित रूप से सम्मिलित होंगे।

9. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से मासिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में **दिनांक 30.01.2024 तक** अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**<u>कक्षा 09वीं के माह जनवरी, 2024 की मासिक परीक्षा, 2024 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप</u> –**

**School code :-** **School Name :-**

(i) <u>सामान्य (General) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र</u> :

| SL. NO | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

**MARKS OBTAINED (THEORY)**

| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

(ii) <u>दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र</u> :

| SL. NO | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

**MARKS OBTAINED (THEORY)**

| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

**विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर**

10. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है अपने जिला अवस्थित विद्यालय के प्रधान की बैठक आहूत कर उन्हें मासिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम दिनांक **30.01.2024** तक तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। मासिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी विद्यालय की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से निलम्बित/रद्द वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर मासिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**

Scanned with CamScanner